# उत्तर

## अध्याय 1

**1.1** $6 \times 10^{-3}$ N (प्रतिकर्षी)

**1.2** (a) 12 cm (b) 0.2 N (आकर्षी)

**1.3** $2.4 \times 10^{39}$ । यह एक प्रोटॉन तथा एक इलेक्ट्रॉन (समान दूरियों पर स्थित होने पर) के बीच लगे वैद्युत बल तथा गुरुत्वाकर्षण बल का अनुपात है।

**1.5** आवेश उत्पन्न अथवा नष्ट नहीं होता। यह केवल एक वस्तु से दूसरी वस्तु में स्थानांतरित होता है।

**1.6** 0 N

**1.8** (a) $5.4 \times 10^{6}$ N $C^{-1}$ OB के अनुदिश; (b) $8.1\times10^{-3}$ N OA के अनुदिश

**1.9** कुल आवेश शून्य है। द्विध्रुव आघूर्ण = $7.5 \times 10^{-8}$ C m; z-अक्ष के अनुदिश

**1.10** $10^{-4}$ N m

**1.11** (a) $2\times10^{12}$ ऊन से पॉलीथीन पर (b) हाँ, परंतु नगण्य मात्रा का (= $2\times10^{-18}$ kg उदाहरण में)

**1.12** (a) $1.5\times10^{-2}$ N (b) 0.24 N

**1.13** $5.7\times10^{-3}$ N

**1.14** आवेश 1 तथा 2 ऋणात्मक हैं, आवेश 3 धनात्मक है। कण–3 का आवेश–संहति अनुपात अधिकतम है।

**1.15** 25.98 N $m^2$/C

**1.16** शून्य/ घन में प्रवेश करने वाली रेखाओं की संख्या घन से निर्गत रेखाओं की संख्या के समान है।

**1.17** (a) 0.07 μ C (b) नहीं, केवल यह कि वर्ग के भीतर नेट आवेश शून्य है।

**1.18** $2.2\times10^{5}$ N $m^2$/C

**1.19** $1.9\times10^{5}$ N $m^2$/C

**1.20** (a) $-10^{3}$ N $m^2$/C क्योंकि दोनों प्रकरणों में परिबद्ध आवेश समान है।

(b) – 8.8 nC

**1.21** – 6.67 nC

**1.22** (a) $1.45 \times 10^{-3}$C (b) $1.6 \times10^{8}$ N$m^2$/C

**1.23** 10 μC/m

**1.24** (a) शून्य (b) शून्य (c) 1.9 N/C

**1.25** $9.81 \times 10^{-4}$ mm

© NCERT not to be republished

**1.26** केवल (c) सही है; शेष स्थिरवैद्युत क्षेत्र रेखाएँ निरूपित नहीं कर सकते। (a) गलत होने का कारण यह है कि क्षेत्र रेखाएँ चालक के अभिलंबवत होनी चाहिए। (b) गलत होने का कारण यह है कि क्षेत्र रेखाएँ ऋणावेश से आरंभ नहीं हो सकतीं, (d) गलत होने का कारण यह है कि क्षेत्र रेखाएँ एक-दूसरे को नहीं काट सकतीं, (e) गलत होने कारण यह है स्थिरवैद्युत क्षेत्र रेखाएँ बंद लूप नहीं बना सकती हैं।

**1.27** यह बल ऋणात्मक – z दिशा में $10^{-2}$ N है अर्थात यह घटते विद्युत क्षेत्र की दिशा में है। आप यह मिलान कर सकते हैं कि यह द्विध्रुव की घटती स्थितिज ऊर्जा की दिशा भी है। बल आघूर्ण शून्य है।

**1.28** (a) *संकेत* : ऐसा गाउसीय पृष्ठ चुनिए जो पूर्णत: चालक पर हो और कोटर को परिबद्ध करें।

(b) गाउस नियम (a) जैसे पृष्ठों के लिए यह दर्शाता है कि $q$ को चालक के भीतर पृष्ठ पर $-q$ आवेश प्रेरित करना चाहिए।

(c) उपकरण को पूर्णत: धात्विक पृष्ठ से परिबद्ध कीजिए।

**1.29** *संकेत* : छिद्र भरे चालक पर विचार कीजिए। तब इसके ठीक बाहर क्षेत्र $(\sigma/\varepsilon_0)\hat{\mathbf{n}}$ है तथा भीतर शून्य है। इस क्षेत्र का अवलोकन इस प्रकार कीजिए जैसे कि यह भरे हुए छिद्र के कारण क्षेत्र तथा शेष आवेशित चालक के कारण क्षेत्र का अध्यारोपण है। चालक के भीतर ये दोनों क्षेत्र समान तथा विपरीत हैं। बाहर ये दोनों क्षेत्र परिमाण एवं दिशा दोनों में समान हैं। अत: चालक के शेष भाग द्वारा क्षेत्र $\left(\frac{\sigma}{2\varepsilon_0}\right)\hat{\mathbf{n}}$ है।

**1.31** p : uud; n :udd

**1.32** (a) *संकेत* : इसे खंडन द्वारा सिद्ध कीजिए। मान लीजिए संतुलन स्थायी है: तब परीक्षण आवेश को किसी भी दिशा में थोड़ा विस्थापित करने पर वह शून्य विक्षेप की स्थिति की दिशा में प्रत्यानयन बल का अनुभव करेगा, अर्थात, शून्य विक्षेप की स्थिति के निकट सभी क्षेत्र रेखाएँ शून्य विक्षेप स्थिति की दिशा में अंतर्मुखी निर्दिष्ट होंगी। अर्थात शून्य विक्षेप स्थिति के चारों ओर बंद पृष्ठ से होकर किसी विद्युत क्षेत्र का नेट अंतर्मुखी फ्लक्स से गुज़रेगा। परंतु गाउस नियम के अनुसार किसी विद्युत क्षेत्र का ऐसे पृष्ठ से होकर गुजरने वाला फ्लक्स जिससे कोई आवेश परिबद्ध नहीं है, शून्य होता है। अत: यह संतुलन स्थायी नहीं हो सकता।

(b) दो आवेशों को मिलाने वाली रेखा का मध्य बिंदु शून्य विक्षेप बिंदु है। परीक्षण आवेश को इस रेखा के अनुदिश इस बिंदु से थोड़ा विस्थापित कीजिए। प्रत्यानयन बल उत्पन्न होगा। परंतु इसे रेखा के अभिलंबवत स्थापित कीजिए आप यह पाएँगे कि नेट बल इसे शून्य विक्षेप बिंदु से दूर ले जाता है। याद रखिए, संतुलन के स्थायित्व को सभी दिशाओं में प्रत्यानयन बल चाहिए।

**1.34** 1.6 cm

## अध्याय 2

**2.1** 10 cm, 40 cm धनावेश से दूर ऋणावेश की ओर।

**2.2** $2.7 \times 10^{6}$ V

**2.3** (a) AB के अभिलंबवत एवं इसके मध्य बिंदु से होकर जाने वाले तल के प्रत्येक बिंदु पर विभव शून्य है।

(b) तल के अभिलंब AB दिशा में





© NCERT not to be republished

**2.4** (a) शून्य
(b) $10^5$ N $C^{-1}$
(c) 4.4 × $10^4$ N $C^{-1}$

**2.5** 96 pF

**2.6** (a) 3 pF
(b) 40 V

**2.7** (a) 9 pF
(b) 2 × $10^{-10}$ C, 3 × $10^{-10}$ C, 4 × $10^{-10}$ C

**2.8** 18 pF, 1.8 × $10^{-9}$ C

**2.9** (a) $V$ = 100 V, $C$ = 108 pF, $Q$ = 1.08 × $10^{-8}$ C
(b) $Q$ = 1.8 × $10^{-9}$ C, $C$ = 108 pF, $V$ = 16.6 V

**2.10** 1.5 × $10^{-8}$ J

**2.11** 6 × $10^{-6}$ J

**2.12** 1.2 J; बिंदु R उत्तर के अप्रासंगिक है।

**2.13** विभव = $4q/(\sqrt{3}\pi\, \varepsilon_0 b)$; क्षेत्र शून्य है जैसा कि सममिति से अपेक्षित है।

**2.14** (a) 2.4 × $10^5$ V; 4.0 × $10^5$ V $m^{-1}$ आवेश 2.5 μC से 1.5 μC तक
(b) 2.0 × $10^5$V; 6.6 × $10^5$ V $m^{-1}$ आवेश 2.5 μC से 1.5 μC को मिलाने वाली रेखा से लगभग 69° के कोण की दिशा में।

**2.15** (a) $-q/(4\pi r_1^2)$, $(Q+q)/(4\pi r_2^2)$
(b) कोटर को घेरने वाले आंतरिक पृष्ठ (जिस पर कोई आवेश नहीं है) पर गाउस के नियम से नेट आवेश शून्य होना चाहिए। यादृच्छिक (स्वेच्छ) आकृति वाले कोटर के लिए यह पर्याप्त नहीं है कि यह दावा किया जाए कि उसके अंदर विद्युत क्षेत्र शून्य होना चाहिए। कोटर पर ऋण एवं धन आवेश हो सकते हैं जिससे कुल आवेश शून्य हो। इस संभावना को समाप्त करने के लिए, एक बंद लूप लें जिसका एक भाग क्षेत्र-रेखाओं के अनुदिश कोटर में हो और शेष भाग चालक के भीतर। चूँकि चालक के अंदर विद्युत क्षेत्र शून्य है, यह बंद लूप पर एक परीक्षण आवेश को ले जाने में विद्युत क्षेत्र द्वारा किया गया नेट कार्य देता है। हम यह जानते हैं कि किसी स्थिरवैद्युत क्षेत्र के लिए यह असंभव है। अत: कोटर के भीतर क्षेत्र रेखाएँ नहीं हैं (अर्थात कोई क्षेत्र नहीं), और चाहे उसकी कैसी भी आकृति हो चालक के भीतरी पृष्ठ पर कोई आवेश नहीं होगा।

**2.17** $\lambda/(2\pi\, \varepsilon_0 r)$, जहाँ बेलनों के समाक्ष से बिंदु की दूरी $r$ है। क्षेत्र अक्ष के अभिलंब त्रिज्यीय है।

**2.18** (a) –27.2 eV
(b) 13.6 eV
(c) –13.6 eV, 13.6 eV; ध्यान दें कि पहली स्थिति में हाइड्रोजन परमाणु की कुल ऊर्जा शून्य है।

**2.19** –19.2 eV; स्थितिज ऊर्जा का शून्य अनंत पर लिया गया है।

**2.20** पहले से दूसरे के विद्युत क्षेत्र का अनुपात (b/a) है। चपटे भाग की तुलना एक बड़ी त्रिज्या वाले गोले के किसी भाग से कर सकते हैं और नुकीले भाग को एक कम त्रिज्या वाले गोले के किसी भाग से।

**2.21** (a) द्विध्रुव के अक्ष पर विभव $(\pm 1/4\pi\varepsilon_0)\ p/(x^2 - a^2)$ है, यहाँ $p = 2qa$ द्विध्रुव आघूर्ण का परिमाण है, + चिह्न उस समय जब बिंदु $q$ के समीप है तथा – चिह्न वहाँ, जहाँ बिंदु $-q$ के समीप है। अक्ष के अभिलंबवत $(x, y, 0)$ बिंदु पर विभव शून्य है।

(b) $r$ पर निर्भरता $1/r^2$ के प्रकार की है।

(c) शून्य; नहीं, क्योंकि दो बिंदुओं के बीच स्थिरवैद्युत क्षेत्र द्वारा किया गया कार्य बिंदुओं के मिलाने वाले मार्ग से स्वतंत्र है अर्थात पथ पर निर्भर नहीं करता।

**2.22** अधिक $r$ के लिए, चतुर्ध्रुवी विभव $1/r^3$ की भाँति, द्विध्रुव का विभव $1/r^2$ की भाँति तथा एकल ध्रुव का विभव $1/r$ की भाँति बदलता है।

**2.23** 1 μF वाले 18 संधारित्रों को 6 समांतर पंक्तियों में व्यवस्थित किया है, प्रत्येक पंक्ति में 3 संधारित्र श्रेणीक्रम में लगे हैं।

**2.24** $1130 \text{ km}^2$

**2.25** तुल्य धारिता $= \frac{200}{3}$ pF

$Q_1 = 10^{-8}$ C, $V_1 = 100$ V ; $Q_2 = Q_3 = 10^{-8}$ C

$V_2 = V_3 = 50$ V

$Q_4 = 2.55 \times 10^{-8}$ C, $V_4 = 200$ V

**2.26** (a) $2.55 \times 10^{-6}$ J

(b) $u = 0.113 \text{ J m}^{-3}$, $u = (½)\, \varepsilon_0 E^2$

**2.27** $2.67 \times 10^{-2}$ J

**2.28** *संकेत* : मान लीजिए कि पट्टिकाओं की दूरी, $\Delta x$ से बढ़ा दी जाती है। किया गया कार्य (बाह्य साधन द्वारा) $= F\,\Delta x$। यह संधारित्र की स्थितिज ऊर्जा को $ua\Delta x$ से बढ़ाने के काम आ जाता है, यहाँ $u$ ऊर्जा घनत्व है। अत: $F = ua$, जो $u = (½)\, \varepsilon_0 E^2$ का उपयोग करके $(1/2)\, QE$ के बराबर है। बल सूत्र में ½ घटक का भौतिक मूल इस तथ्य में निहित है कि चालक के ठीक बाहर क्षेत्र $E$ है तथा भीतर यह शून्य है। अत: बल में माध्य मान $E/2$ का योगदान होता है।

**2.30** (a) $5.5 \times 10^{-9}$ F

(b) $4.5 \times 10^{2}$ V

(c) $1.3 \times 10^{-11}$ F

**2.31** (a) नहीं, क्योंकि गोलों पर आवेश वितरण समान नहीं है।

(b) नहीं

(c) आवश्यक नहीं (केवल तभी सत्य है जब क्षेत्र रेखा, सरल रेखा हो)। सामान्यत: क्षेत्र रेखाएँ त्वरण की दिशा बताती हैं, न कि वेग की।

(d) शून्य, पूर्ण कक्षा की आकृति कुछ भी हो, कोई अंतर नहीं पड़ता।

(e) नहीं, विभव सतत है।

(f) एक एकल चालक एक संधारित्र है जिसकी दूसरी पट्टिका अनंत पर है।

(g) पानी के एक अणु में स्थायी द्विध्रुव आघूर्ण होता है। फिर भी, परावैद्युत नियतांक का विस्तृत वर्णन सूक्ष्म सिद्धांत पर आधारित है जो इस पुस्तक के क्षेत्र से बाहर है।

**2.32** $1.2 \times 10^{-10}$ F, $2.9 \times 10^{4}$ V

**2.33** $19 \text{ cm}^2$

**2.34** (a) पृष्ठ $x$-$y$ तल के समांतर

(b) वैसा ही जैसा (a) में, सिवाय इसके कि निश्चित विभवांतर वाले तल आपस में, जब क्षेत्र बढ़ता है, पास आ जाते हैं।

(c) संकेंद्री गोले, केंद्र मूल बिंदु पर।

(d) ग्रिड (जाल) के समीप समय-समय पर बदलती आकृति जो शनै:-शनै: ग्रिड से बहुत दूर समांतर समतलों में बदल जाती है।





© NCERT not to be republished

**2.35** *संकेत* : गोले और खोल (कोश) के बीच क्षेत्र का, गाउस नियम से, केवल $q_1$ द्वारा ही निर्धारण होता है। अतः गोले और खोल के बीच विभवांतर $q_2$ से स्वतंत्र है। यदि $q_1$ धनात्मक है तो यह विभवांतर सदैव धनात्मक होगा।

**2.36** (a) हमारा शरीर तथा पृथ्वी समविभव पृष्ठ बनाते हैं। जैसे ही हम बाहर निकलते हैं, वायु का मूल समविभव पृष्ठ बदल जाता है और हमारा सिर तथा पृथ्वी का विभव समान रहता है।

(b) हाँ, वायुमंडल में अपरिवर्ती विसर्जन धारा धीरे-धीरे ऐलुमिनियम की चादर को आवेशित करके, उस सीमा तक इसके विभव को बढ़ाती है जो संधारित्र (जो चादर, स्लेब और पृथ्वी-सतह से बना है) की धारिता के ऊपर निर्भर है।

(c) सारे संसार में वायुमंडल लगातार तड़ित-झंझा तथा तड़ित से आवेशित होता रहता है और साधारण मौसम के क्षेत्रों से होकर विसर्जित होता है। दोनों विरोधी धाराएँ, औसतन, साम्यावस्था में होती हैं।

(d) तड़ित में प्रकाश ऊर्जा अंतर्निहित है और संलग्न गर्जन में ऊष्मा तथा ध्वनि ऊर्जा है।

## अध्याय 3

**3.1** 30 A

**3.2** 17 Ω, 8.5 V

**3.3** (a) 6Ω
(b) 2 V, 4 V, 6 V

**3.4** (a) (20/19) Ω
(b) 10 A, 5 A, 4 A; 19 A

**3.5** 1027 °C

**3.6** $2.0 \times 10^{-7}$ Ωm

**3.7** 0.0039 $°C^{-1}$

**3.8** 867°C

**3.9** शाखा AB में धारा (4/17) A ;
शाखा AD में धारा = (6/17) A;
शाखा BC में धारा (6/17) A;
शाखा BD में धारा = (–2/17) A;
शाखा CD में धारा (–4/17) A; तथा परिपथ में कुल धारा = (10/17) A

**3.10** (a) $X = 8.2\ \Omega$ संबंधन के प्रतिरोध को न्यूनतम करने हेतु, जिसका परिकलन सेतु-सूत्र में नहीं किया गया है।
(b) A से 60.5 cm की दूरी पर।
(c) गैल्वेनोमीटर कोई धारा नहीं दर्शाएगा।

**3.11** 11.5 V श्रेणीक्रम में संयोजित प्रतिरोधक बाह्य स्रोत से ली गई धारा को सीमित करता है। इसकी अनुपस्थिति में धारा घातक रूप से बढ़ जाएगी।

**3.12** 2.25 V

**3.13** $2.7 \times 10^4$ s (7.5 h)

**3.14** पृथ्वी की त्रिज्या $6.37 \times 10^6$ m लीजिए और पृथ्वी का कुल आवेश प्राप्त कीजिए। समय = 283 s प्राप्त करने हेतु धारा से इसे विभाजित कीजिए। अब भी यह विधि आपको केवल अनुमान ही देगी। यह पूर्णतया सही नहीं है। क्यों?

**3.15** (a) 1.4 A, 11.9 V
(b) 0.005 A, असंभव, क्योंकि मोटर स्टार्टर को कुछ सेकंडों के लिए बहुत अधिक धारा (~ 100 A) की आवश्यकता होती है।





© NCERT not to be republished

**3.16** कॉपर का ऐलुमिनियम के द्रव्यमान (अथवा भार) से अनुपात $(1.72/2.63) \times (8.9/2.7) \simeq 2.2$। चूँकि ऐलुमिनियम हलका है, अत: अधिक ऊँचाई पर लगे केबलों के लिए इसे अधिक पसंद किया जाता है।

**3.17** ओम का नियम उच्च यथार्थता तक लागू होता है। मिश्रातु मैंगनिन की प्रतिरोधकता ताप से लगभग अप्रभावित रहती है।

**3.18** (a) केवल धारा (क्योंकि यह स्थायी है, ऐसा दिया गया है) अन्य सभी राशियाँ अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल के व्युत्क्रमानुपाती हैं।

(b) नहीं, अन-ओमी (non-ohmic) अवयवों के उदाहरण : निर्वात डायोड, अर्धचालक डायोड

(c) क्योंकि स्रोत से ली गई अधिकतम धारा = $\varepsilon/r$

(d) यदि आंतरिक प्रतिरोध बहुत अधिक नहीं है और परिपथ में (दुर्घटनावश) लघु परिपथन हो जाता है तो ली गई धारा सुरक्षा सीमा से अधिक हो जाएगी।

**3.19** (a) अधिक (b) कम (c) लगभग अप्रभावित रहती है (d) $10^{22}$

**3.20** (a) (i) श्रेणीक्रम में (ii) सभी पार्श्वक्रम में; $n^2$

(b) (i) $1\Omega$ और $2\Omega$ को पार्श्वक्रम में और इस संयोजन को $3\Omega$ के साथ श्रेणीक्रम में संबद्ध कीजिए। (ii) $2\Omega$ और $3\Omega$ के पार्श्व संयोजन को $1\Omega$ के साथ श्रेणीक्रम में संबद्ध कीजिए। (iii) सभी श्रेणीक्रम में (iv) सभी पार्श्व क्रम में।

(c) (i) $(16/3)\ \Omega$ (ii) $5R$

**3.21** *संकेत* : मान लीजिए कि अनंत नेटवर्क का तुल्य प्रतिरोध X है। स्पष्टतया $2 + X/(X+1) = X$ जिसके अनुसार $X = (1 + \sqrt{3})\ \Omega$ अत: धारा = 3.7 A है।

**3.22** (a) $\varepsilon = 1.25$ V

(b) जब चल संपर्क संतुलन बिंदु से दूर है तो गैल्वनोमीटर में धारा कम करने हेतु

(c) नहीं

(d) नहीं, यदि पोटेंशियोमीटर के चालक सेल का विद्युत वाहक बल $\varepsilon$ से अधिक हो तो तार AB पर संतुलन बिंदु प्राप्त नहीं होगा।

(e) परिपथ दिए गए रूप में अनुपयुक्त होगा, क्योंकि संतुलन बिंदु (जब $\varepsilon$ कुछ mV की कोटि का) सिरे A के काफ़ी समीप होगा और मापन में प्रतिशत त्रुटि बहुत अधिक होगी। तार AB के श्रेणीक्रम में उपयुक्त प्रतिरोधक $R$ को संयोजित करके परिपथ को रूपांतरित कर दिया गया है जिससे कि AB के आर-पार विभवपात, मापित विद्युतवाहक बल से केवल थोड़ा-सा ही अधिक होगा। तब संतुलन बिंदु तार की और अधिक लंबाई पर होगा और प्रतिशत त्रुटि काफ़ी कम होगी।

**3.23** 1.7 Ω

## अध्याय 4

**4.1** $\pi \times 10^{-4}$ T $\simeq 3.1 \times 10^{-4}$ T

**4.2** $3.5 \times 10^{-5}$ T

**4.3** $4 \times 10^{-6}$ T ऊर्ध्वाधरत: ऊपर की ओर

**4.4** $1.2 \times 10^{-5}$ T दक्षिण की ओर



© NCERT not to be republished

**4.5** 0.6 N $m^{-1}$

**4.6** $8.1 \times 10^{-2}$ N; बल की दिशा फ्लेमिंग के बाएँ हाथ के नियम द्वारा दी जाती है।

**4.7** $2 \times 10^{-5}$ N; आकर्षण बल, A के लंबवत B की ओर।

**4.8** $8\pi \times 10^{-3}$ T $\simeq 2.5 \times 10^{-2}$ T

**4.9** 0.96 N m

**4.10** (a) 1.4 (b) 1

**4.11** 4.2 cm

**4.12** 18 MHz

**4.13** (a) 3.1 Nm (b) नहीं, उत्तर नहीं बदलता क्योंकि सूत्र $(\tau = NIA \times B)$ किसी भी आकार के समतल लूप के लिए सही है।

**4.14** $5\pi \times 10^{-4}$ T = $1.6 \times 10^{-3}$ T पश्चिम की ओर

**4.15** लंबाई लगभग 50 cm, त्रिज्या लगभग 4 cm, फेरों की संख्या लगभग 400, धारा लगभग 10 A। ये विवरण एकमात्र मान नहीं हैं। कुछ सीमाओं में इनमें समायोजन संभव है।

**4.16** कुंडलियों के बीच में मध्य बिंदु के आस-पास $2d$ लंबाई के एक छोटे से क्षेत्र में

$$B = \frac{\mu_0 I R^2 N}{2} \times \left[ \left\{ \left( \frac{R}{2} + d \right)^2 + R^2 \right\}^{-3/2} + \left\{ \left( \frac{R}{2} - d \right)^2 + R^2 \right\}^{-3/2} \right]$$

$$\simeq \frac{\mu_0 I R^2 N}{2} \times \left( \frac{5R^2}{4} \right)^{-3/2} \times \left[ \left( 1 + \frac{4d}{5R} \right)^{-3/2} + \left( 1 - \frac{4d}{5R} \right)^{-3/2} \right]$$

$$\simeq \frac{\mu_0 I R^2 N}{2R^3} \times \left( \frac{4}{5} \right)^{3/2} \times \left[ 1 - \frac{6d}{5R} + 1 + \frac{6d}{5R} \right]$$

ऊपर दिए गए दूसरे एवं तीसरे चरण में जिन पदों में $d^2/R^2$ या $d/R$ की उच्चतर घातें शामिल थीं उनको छोड़ दिया गया है (क्योंकि $\frac{d}{R} << 1$) जो पद $d/R$ में एकरेखीय हैं, निरस्त हो जाते हैं। अतः एक छोटे क्षेत्र में एकसमान क्षेत्र $B$ होगा–

$$B = \left( \frac{4}{5} \right)^{3/2} \frac{\mu_0 IN}{R} \simeq 0.72 \frac{\mu_0 IN}{R}$$

**4.17** *संकेत* : वृत्तनालिका के लिए B का सूत्र वही है जो परिनालिका के लिए $B = \mu_0 nI$। प्रश्नानुसार $n = \frac{N}{2\pi r}$। क्षेत्र केवल घेरों से घिरे हुए क्रोड के अंदर शून्य नहीं है। (a) शून्य (b) $3.0 \times 10^{-2}$ T तथा (c) शून्य। ध्यान दीजिए कि क्षेत्र में, टोरॉइड की अनुप्रस्थ काट पर अंदर से बाहर आने पर थोड़ा परिवर्तन होता है क्योंकि $r$ का मान बदलता है। उत्तर (b) औसत त्रिज्या $r$ = 25.5 cm के संगत मान है।

**4.18** (a) आरंभिक वेग **v** या तो **B** के समांतर है या प्रतिसमांतर।

(b) हाँ, क्योंकि चुंबकीय बल **v** की दिशा तो बदल सकता है इसका परिमाण नहीं बदल सकता।

(c) **B** को ऊर्ध्वाधरतः नीचे की दिशा में होना चाहिए।

**4.19** (a) **B** के लंबवत 1.0 mm त्रिज्या का वृत्ताकार पथ।

(b) 0.5 mm का कुंडलीदार पथ जिसमें $2.3 \times 10^7$ m $s^{-1}$ का वेग का अवयव क्षेत्र की दिशा में हो।

**4.20** ड्यूटीरियम आयनों या ड्यूट्रॉन्स– उत्तर एकमेव उत्तर नहीं है क्योंकि केवल कण के आवेश एवं द्रव्यमान का अनुपात ही ज्ञात किया गया है। अन्य संभावित उत्तर $He^{++}$, $Li^{+++}$ आदि हैं।



© NCERT not to be republished

**4.21** (a) एक क्षैतिज चुंबकीय क्षेत्र जिसका परिमाण 0.26 T है और जो चालक के लंबवत इस दिशा में लगा है कि फ्लेमिंग का बाएँ हाथ का नियम चुंबकीय बल ऊर्ध्वाधरत: ऊपर की ओर बताए।

(b) 1.176 N

**4.22** 1.2 N $m^{-1}$; प्रतिकर्षण बल। *टिप्पणी* : तार पर कुल बल $1.2 \times 0.7 = 0.84$ N प्राप्त करना केवल सन्निकटत: सही है, क्योंकि, सूत्र $F = \frac{\mu_0}{2\pi r} I_1 I_2$ जो प्रति इकाई लंबाई पर लगने वाले बल के लिए दिया गया है, केवल अनंत लंबाई के चालकों के लिए ही मान्य है।

**4.23** (a) 2.1 N ऊर्ध्वाधरत: नीचे की ओर।

(b) 2.1 N ऊर्ध्वाधरत: नीचे की ओर (धारा और **B** की दिशा के बीच किसी भी कोण के लिए सत्य $l \sin\theta$ नियत है = 20 cm)।

(c) 1.68 N ऊर्ध्वाधरत: नीचे की ओर।

**4.24** प्रयोग करें $\boldsymbol{\tau} = I\mathbf{A} \times \mathbf{B}$ एवं $\mathbf{F} = I(\boldsymbol{l} \times \mathbf{B})$

(a) $1.8 \times 10^{-2}$ N m, $-y$ दिशा के अनुदिश

(b) वही जो (a) में है

(c) $1.8 \times 10^{-2}$ N m, $-x$ दिशा के अनुदिश

(d) $1.8 \times 10^{-2}$ N m, $+x$ दिशा से 240° का कोण बनाते हुए

(e) शून्य

(f) शून्य

बल प्रत्येक स्थिति में शून्य है। स्थिति (e) स्थायी संतुलन और स्थिति (f) अस्थायी संतुलन दर्शाती है।

© NCERT not to be republished

**4.25** (a) शून्य (b) शून्य (c) प्रत्येक इलेक्ट्रॉन पर बल है $evB = IB/(nA) = 5 \times 10^{-25}$ N
*टिप्पणी* : उत्तर (c) केवल चुंबकीय बल सूचित करता है।

**4.26** 108 A

**4.27** श्रेणीक्रम में प्रतिरोध = 5988 Ω

**4.28** शंट प्रतिरोध = 10 mΩ

## अध्याय 5

**5.1** (a) चुंबकीय दिक्पात, नति-कोण, पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र का क्षैतिज घटक।

(b) ब्रिटेन में अधिक है (लगभग 70°), क्योंकि ब्रिटेन चुंबकीय दक्षिण ध्रुव के निकट है।

(c) पृथ्वी की चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ **B** सतह से बाहर आती हुई प्रतीत होंगी।

(d) चुंबकीय सुई क्षैतिज तल में घूमने के लिए स्वतंत्र है जबकि पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की दिशा चुंबकीय ध्रुवों पर ठीक ऊर्ध्वाधर है। अत: यहाँ सुई किसी भी दिशा में संकेत कर सकती है।

(e) **m** चुंबकीय आघूर्ण वाले द्विध्रुव के लंब समद्विभाजक पर क्षेत्र **B** के लिए सूत्र

$\mathbf{B}_E = -\frac{\mu_0}{4\pi} \frac{\mathbf{m}}{r^3}$ का प्रयोग कीजिए।

$m = 8 \times 10^{22}$ J $T^{-1}$, $r = 6.4 \times 10^6$ m रखने पर आपको प्राप्त होगा $B = 0.3$ G जो पृथ्वी पर प्रेक्षित क्षेत्र के परिमाण की कोटि का है।

(f) क्यों नहीं? पृथ्वी का क्षेत्र, केवल द्विध्रुव क्षेत्र के लगभग है। स्थानीय N-S ध्रुव उत्पन्न हो सकते हैं, जैसे कि चुंबकित खनिज भंडारों के कारण।

**5.2** (a) हाँ, यह समय के साथ बदलता है। स्पष्ट दिखाई पड़ने वाले अंतर के लिए समय-अंतराल कुछ सौ वर्ष है। लेकिन कुछ वर्षों के छोटे पैमाने पर भी इसमें होने वाले परिवर्तन पूर्णतः उपेक्षणीय नहीं हैं।

(b) क्योंकि पिघला हुआ लोहा (जो कि क्रोड के उच्च ताप पर लोहे की प्रावस्था है) लौह चुंबकीय नहीं है।

(c) एक संभावना पृथ्वी के अंतरंग में रेडियो सक्रियता है। लेकिन वास्तविकता की जानकारी किसी को नहीं है। इस प्रश्न पर एक उचित दृष्टिकोण बनाने के लिए आपको भू-चुंबकत्व पर कोई अच्छी आधुनिक पाठ्यपुस्तक पढ़नी चाहिए।

(d) कुछ चट्टानें जब ठोस रूप ग्रहण करती हैं तो पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र का एक धुँधला-सा अभिलेखन उनमें हो जाता है। चट्टानों में निहित इन चुंबकन अभिलेखों के विश्लेषण से हमें भू-चुंबकीय इतिहास संबंधी निष्कर्ष प्राप्त होते हैं।

(e) बहुत अधिक दूरी पर (पृथ्वी के आयनमंडल में) आयनों की गति के कारण उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र से पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र में परिवर्तन हो जाते हैं। आयनमंडल *भू बाह्य* विचलनों, जैसे कि सौर-पवन आदि के प्रति अत्यंत संवेदनशील है।

(f) व्यंजक $R = \frac{mv}{eB}$ के अनुसार, एक अत्यंत क्षीण चुंबकीय क्षेत्र आवेशित कणों को बहुत अधिक त्रिज्या वाली वृत्ताकार कक्षा पर ले जाता है। अल्प दूरी के लिए, इतनी बड़ी त्रिज्या वाली वृत्तीय कक्षा के लिए विक्षेपण, संभव है कि ध्यान देने योग्य न हो, परंतु अति विशाल अंतरातारकीय दूरियों के लिए आवेशित कणों (जैसे - ब्रह्मांड किरणें) के पथ को महत्त्वपूर्ण ढंग से प्रभावित कर सकता है।

**5.3** $0.36\ J\ T^{-1}$

**5.4** (a) **m, B** के समांतर है। $U = -mB = -4.8 \times 10^{-2}$ J; स्थायी

(b) **m, B** के प्रतिसमांतर है। $U = +mB = +4.8 \times 10^{-2}$ J; अस्थायी

**5.5** $0.60\ J\ T^{-1}$ परिनालिका की अक्ष के अनुदिश, दिशा धारा-प्रवाह की दिशा पर निर्भर।

**5.6** $7.5 \times 10^{-2}$ J

**5.7** (a) (i) 0.33 J (ii) 0.66 J

(b) (i) 0.33 J परिमाण का बल आघूर्ण जो चुंबकीय आघूर्ण सदिश को **B** के अनुदिश लाने की प्रवृत्ति रखता है। (ii) शून्य।

**5.8** (a) $1.28\ A\ m^2$ अक्ष के अनुदिश, दिशा धारा की दिशा पर निर्भर, जिसे दाएँ हाथ के पेंच के नियम द्वारा ज्ञात कर सकते हैं।

(b) एकसमान चुंबकीय क्षेत्र में बल शून्य है; बल आघूर्ण = 0.048 Nm जिसकी दिशा ऐसी है कि यह परिनालिका की अक्ष को (अर्थात चुंबकीय आघूर्ण सदिश को) **B** के अनुदिश लाने की कोशिश करता है।

**5.9** $\mathcal{I} = mB/(4\pi^2 \nu^2)$: $m = NIA$ को प्रयोग करने पर प्राप्त होगा $\mathcal{I} = 1.2 \times 10^{-4}\ kg\ m^2$

**5.10** $0.35 \sec 22^{\circ} = 0.38$ G

**5.11** पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र भौगोलिक याम्योत्तर से पश्चिम की ओर $12^{\circ}$ का कोण बनाते हुए एक ऊर्ध्वाधर तल में, क्षैतिज (चुंबकीय दक्षिण से चुंबकीय उत्तर की ओर) से ऊपर की ओर $60^{\circ}$ का कोण बनाता है। इसका परिमाण 0.32 G है।

**5.12** (i) 0.96 G, S-N दिशा के अनुदिश।

(ii) 0.48 G, N-S दिशा के अनुदिश।

**5.13** 0.54 G पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की दिशा में।

**5.14** $14 \times 2^{-1/3} = 11.1$ cm की दूरी पर लंब समद्विभाजक पर।



© NCERT not to be republished

**5.15** (a) $(\mu_0 m)/(4 \pi r^3) = 0.42 \times 10^{-4}$ जिससे $r = 5.0$ cm प्राप्त होता है।

(b) $(2\mu_0 m)/(4 \pi r_1^3) = 0.42 \times 10^{-4}$ अर्थात $r_1 = 2^{1/3} r = 6.3$ cm

**5.16** (a) निम्न तापों पर, यादृच्छिक तापीय गति कम होने के कारण द्विध्रुवों के चुंबकीय क्षेत्र के अनुदिश समायोजन को भंग करने वाली प्रवृत्ति कम हो जाती है।

(b) प्रतिचुंबकीय पदार्थ के नमूने में, प्रेरित चुंबकीय आघूर्ण, हमेशा चुंबककारी क्षेत्र की विपरीत दिशा में होता है, चाहे इसके अंदर परमाणुओं की गति कैसी भी हो।

(c) जरा सा कम, क्योंकि बिस्मथ प्रतिचुंबकीय पदार्थ है।

(d) *नहीं।* जैसा कि चुंबकन वक्र से स्पष्ट है। चुंबकन वक्र के ढलान से यह भी स्पष्ट है कि निम्न शक्ति वाले क्षेत्रों के लिए $\mu$ का मान अधिक है।

(e) (अत्यंत व्यावहारिक अनुप्रयोग वाले) इस महत्वपूर्ण तथ्य का प्रमाण, दो माध्यमों को अलग करने वाले अंतःपृष्ठ पर, चुंबकीय क्षेत्रों (**B** एवं **H**) की सीमा शर्तों पर आधारित है। जब एक माध्यम के लिए $\mu >> 1$, तो क्षेत्र रेखाएँ इस माध्यम पर लंबवत मिलती हैं। इससे अधिक विस्तृत व्याख्या इस पुस्तक के विषय-क्षेत्र से बाहर है।

(f) *हाँ।* दो भिन्न पदार्थों के परमाणु द्विध्रुवों की शक्ति में मामूली अंतर की बात छोड़ दें, तो संतृप्त चुंबकन की अवस्था में एक अनुचुंबकीय पदार्थ का चुंबकन उसी कोटि का होगा। लेकिन, सच बात यह है कि संतृप्त चुंबकन के लिए, अव्यावहारिक रूप से उच्च चुंबककारी क्षेत्रों की आवश्यकता होगी।

**5.17** (b) कार्बन स्टील का टुकड़ा। क्योंकि प्रति चक्र उत्पन्न ऊष्मा शैथिल्य पाश के क्षेत्रफल के अनुक्रमानुपाती है।

(c) किसी लौह चुंबक का चुंबकन चुंबककारी क्षेत्र का एकमानी फलन नहीं है। एक विशिष्ट क्षेत्र के लिए इसका मान चुंबकन के इतिहास पर भी निर्भर करता है (अर्थात कितने चुंबकन चक्रों से गुजर चुका है, आदि)। दूसरे शब्दों में कहें तो चुंबकन का मान, चुंबकन चक्रों की स्मृति का अभिलेख है। यदि हर चक्र को सूचना बिट (information bits) के संगत बना दें तो शैथिल्य लूप प्रदर्शित करने वाली ऐसी व्यवस्था सूचना संग्रह करने वाली युक्ति की तरह कार्य करेगी।

(d) सिरेमिक (विशेष रूप से संसाधित बेरियम लौह ऑक्साइड) जिन्हें फैराइट्स भी कहते हैं।

(e) उस क्षेत्र को नर्म लोहे के छल्लों से घेर कर। चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ छल्लों में समाहित हो जाएँगी और इनसे घिरा हुआ क्षेत्र चुंबकीय क्षेत्र से मुक्त रहेगा। लेकिन यह सन्निकट परिरक्षण ही होगा। वैसा पूर्ण परिरक्षण नहीं, जैसा किसी विवर को एक चालक से घेर कर बाह्य विद्युत क्षेत्र से परिरक्षित करने में होता है।

**5.18** केबल के समांतर ऊपर की ओर 1.5 cm की दूरी पर

**5.19** केबल के नीचे

$R_h = 0.39 \cos 35^\circ - 0.2$

$= 0.12$ G

$R_v = 0.39 \sin 35^\circ = 0.22$ G

$$R = \sqrt{R_h^2 + R_v^2} = 0.25\,\text{G}$$

$$\theta = \tan^{-1}\frac{R_v}{R_h} = 62^\circ$$

केबल के ऊपर

$R_h = 0.39 \cos 35^0 + 0.2$

$= 0.52$ G



© NCERT not to be republished

$R_v = 0.224$ G

$R = 0.57$ G, $\theta \simeq 23^o$

**5.20** (a) $B_h = (\mu_0 IN/2r)\cos 45^o = 0.39\,\text{G}$

(b) पूर्व से पश्चिम अर्थात सुई अपनी मूल दिशा को उलट लेगी।

**5.21** दूसरे क्षेत्र का परिमाण

$$= \frac{1.2\times10^{-2}\times\sin 15^o}{\sin 45^o}$$

$$= 4.4\times10^{-3}\ \text{T}$$

**5.22** $R = \dfrac{meV}{eB}$

$$= \frac{\sqrt{2m_e \times \text{गतिज ऊर्जा}}}{eB}$$

$= 11.3$ m

ऊपर अथवा नीचे विक्षेपण $= R\,(1 - \cos\theta)$ यहाँ $\sin\theta = 0.3/11.3$ । अतः विक्षेपण $\simeq$ 4 mm होगा।

**5.23** प्रारंभ में, कुल द्विध्रुव आघूर्ण

$= 0.15 \times 1.5 \times 10^{-23} \times 2.0 \times 10^{24}$

$= 4.5\ \text{J T}^{-1}$

अंतिम द्विध्रुव आघूर्ण प्राप्त करने के लिए क्यूरी के नियम $m \propto B/T$ से

$= 4.5 \times (0.98/0.84) \times (4.2/2.8)$

$= 7.9\ \text{J T}^{-1}$

**5.24** $B = \dfrac{\mu_r \mu_o NI}{2\pi R}$ यहाँ $\mu_r$ (आपेक्षिक पारगम्यता), सूत्र का उपयोग करने पर प्राप्त होगा

$B = 4.48$ T

**5.25** दोनों में से संबंध $\boldsymbol{\mu}_l = -(e/2m)\,\mathbf{l}$ चिरसम्मत भौतिकी के अनुसार है। यह $\boldsymbol{\mu}_l$ एवं $\mathbf{l}$ की परिभाषाएँ प्रयुक्त करके आसानी से व्युत्पन्न किया जा सकता है।

$\mu_l = IA = (e/T)\pi r^2$

$l = mvr = m\dfrac{2\pi r^2}{T}$

यहाँ $r$ वृत्ताकार कक्षा की त्रिज्या है जिस पर $m$ द्रव्यमान एवं $(-e)$ आवेश का इलेक्ट्रॉन $T$ समय में एक परिक्रमण पूरा करता है।

स्पष्टतः $\mu_l/l = e/2m$

क्योंकि इलेक्ट्रॉन पर ऋणात्मक आवेश है, $\boldsymbol{\mu}$ एवं $\mathbf{l}$ प्रतिसमांतर हैं और दोनों कक्षा के तल के लंबवत हैं। अतः $\boldsymbol{\mu}_l = -(e/2m)\,\mathbf{l}$

ध्यान दें कि $\mu_l/l$ के विपरीत $\mu_s/S$ का मान $e/m$ है अर्थात चिरसम्मत आधार पर प्राप्त मान का दोगुना। यह बाद वाला निष्कर्ष (जिसकी प्रयोगात्मक पुष्टि हो चुकी है) आधुनिक क्वांटम सिद्धांत की एक विशिष्ट उपलब्धि है और इसको चिरसम्मत सिद्धांतों के आधार पर व्युत्पन्न नहीं किया जा सकता।



© NCERT not to be republished

## अध्याय 6

**6.1** (a) qrpq के अनुदिश

(b) prq के अनुदिश, yzx के अनुदिश

(c) yzx के अनुदिश

(d) zyx के अनुदिश

(e) xry के अनुदिश

(f) कोई प्रेरित धारा नहीं क्योंकि क्षेत्र रेखाएँ लूप तल में स्थित हैं।

**6.2** (a) adcd के अनुदिश (आकार परिवर्तन के समय पृष्ठ से गुज़रने वाला फ्लक्स बढ़ता है, अत: प्रेरित धारा, निरोधी फ्लक्स उत्पन्न करती है)।

(b) a′d′c′b′ के अनुदिश (इस प्रक्रम में फ्लक्स घटता है)

**6.3** $7.5 \times 10^{-6}$ V

**6.4** (a) $2.4 \times 10^{-4}$ V, जो 2 s तक बना रहेगा।

(b) $0.6 \times 10^{-4}$ V, जो 8 s तक बना रहेगा।

**6.5** 100 V

**6.6** लूप के प्रत्येक फेरे से गुज़रने वाला फ्लक्स = $\pi r^2 B \cos(\omega t)$

$\varepsilon = -N \omega \pi r^2 B \sin(\omega t)$

$\varepsilon_{अधिकतम} = -N \omega \pi r^2 B$

$= 20 \times 50 \times \pi \times 64 \times 10^{-4} \times 3.0 \times 10^{-2} = 0.603$ V

$\varepsilon_{औसत}$ का मान पूर्ण चक्र में शून्य है।

$I_{अधिकतम} = 0.0603$ A

$$P_{औसत} = \frac{1}{2} \varepsilon_{अधिकतम} I_{अधिकतम} = 0.018 \text{ W}$$

प्रेरित धारा कुंडली पर एक बलयुग्म आरोपित करती है जो कुंडली के घूमने का विरोध करता है। अत: एक बाह्य कारक (रोटर) द्वारा कुंडली पर बलयुग्म लगाना होगा जो प्रेरित धारा द्वारा आरोपित बलयुग्म को निष्फल करते हुए कुंडली को एकसमान गति से घुमाए (अर्थात) कार्य करे)। अत: वह शक्ति जिसका कुंडली में क्षय ऊष्मा के रूप में हो रहा है, उसका स्रोत बाह्य कारक 'रोटर' है।

**6.7** (a) $1.5 \times 10^{-3}$ V, (b) पश्चिम से पूर्व की ओर (c) पूर्वी सिरा

**6.8** 4H

**6.9** 30 Wb

**6.10** **B** का ऊर्ध्वाधर घटक

$= 5.0 \times 10^{-4} \sin 30°$

$= 2.5 \times 10^{-4}$ T

$\varepsilon = Blv$

$\varepsilon = 2.5 \times 10^{-4} \times 25 \times 500$

$= 3.125$ V

प्रेरित विद्युत वाहक बल 3.1 V (सार्थक अंकों का उपयोग करके)

इस उत्तर हेतु पंखों की दिशा महत्वहीन है (जब तक वह क्षैतिज है)

**6.11** प्रेरित विद्युत वाहक बल = $8 \times 2 \times 10^{-4} \times 0.02 = 3.2 \times 10^{-5}$ V

प्रेरित धारा = $2 \times 10^{-5}$ A

© NCERT not to be republished

शक्ति ह्रास = $6.4 \times 10^{-10}$ W

इस शक्ति का स्रोत समय के साथ चुंबकीय क्षेत्र में परिवर्तन करने वाला बाह्य कारक है।

**6.12** समय पर निर्भर $B$ के कारण फ्लक्स में परिवर्तन की दर

